# अधिकारी समय पर करें आमजन की समस्याओं का निस्तारण : जाटव

**रूपवास,** (निसं)। कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक क्षेत्रीय सांसद संजना जाटव के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान नीतू नवलकिशोर गुर्जर ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत,एसडीएम विष्णु बंसल मौजूद थे। साधारण सभा की बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने क्षेत्र के बिजली, पानी, सड़क,चिकित्सा के मुद्दे सदन में उठाए।

इसके अलावा गम्भीरी नदी में आने वाले पानी की रोकथाम के लिए समुचित व्यवस्था कराने को लेकर अधिकारियों से बात की। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में रात को बिजली की कटौती नहीं करने की मांग की। बैठक की मुख्य अथिति सांसद संजना जाटव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सबको एकजुटता से कार्य करना होगा। जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। इसके लिए आवश्यक है कि अधिकारी आमजन की समस्याओं का समय पर निस्तारण करें। जिससे आमजन परेशान भी न हो और विकास की कड़ी भी न रुके।

सांसद संजना जाटव ने बिजली विभाग,कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की क्लास ली। वहीं क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत ने



पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अपने कार्यालयों में सभी जन प्रतिनिधियों को उचित सम्मान देने के साथ ही प्राथमिकता के साथ उनके काम संपन्न करने के निर्देश दिए।

जिससे अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को लाभ पहुच सके। इसके अलावा पंचायत समिति सदस्य तरुण बंसल ने रुदावल कस्बे में हाई मास्क लाईट लगवाने, हनुमान मंदिर पर देवी मंदिर से गुर्जर धर्मशाला तक इंटर लॉकिंग सड़क बनवाने, रुदावल तहसील को यथावत रखने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौपा। वहीं ठाम पंचायत सज्जनवास सरपंच सुशील चौधरी ने बिजली के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। साथ कच्ची अवैध शराब पर रोक लगाने,राजस्व विभाग के कर्मचारियों की पैमाइश सम्बंधी समस्या के समेत प्रशासनिक अधिकारियों को सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए 15 दिवस का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर समय रहते समस्याओं का समाधान नही किया तो धरना प्रदर्शन एवं सम्बंधित अधिकारियों का घेराव करेंगे। ग्राम रुंध रूपवास सरपंच रविन्द्र ने एएनएम के समय पर नही आने एवं सफाई के टेंडरों का भुगतान करवाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम पंचायत दाहिना गांव सरपंच उदयभान शर्मा ने राजपुरा वाले बांध की मरमत करवाने की मांग की। ग्राम पंचायत धाना में पानी की टँकी का तो निर्माण हो चुका है लेकिन पानी की सप्लाई शुरू करवाने की मांग की गई।

साधारण सभा की बैठक के दौरान विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं के बारे में सदन को अवगत कराया। माड़ापुरा ग्राम पंचायत सरपंच ने चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने एवं राजीविका की महिलाओं द्वारा सफाई नही करने की बात कही। इसके अलावा कस्बे की गंगा मन्दिर कॉलोनी में पानी की आकाशीय टँकी

■ पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक में छाए बिजली, पानी, चिकित्सा के मुद्दे

बनवाने, वार्ड संख्या 16,17 व 19 में पाइप लाइन बिछवाने की मांग रखी गई। उपजिला अस्पताल में महिला व शिशु रोग विशेषज्ञ को प्रसव के लिए लगाने की मांग की। इसके बाद चंबल परियोजना की लाइनों में आयेदिन आने वाली खराबियों को सुधारने के लिए एईएन अनीता मीणा को निर्देशित किया गया। सरपंच कम प्रशासकों ने सभी विभागों में चल रहे रिक्त पदों को भरवाने की मांग की। जिससे लोगो का काम समय पर हो सके।

अंत में पंचायत समिति प्रधान नीतू नवलकिशोर गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी बैठक की सूचना मिलते ही तैयारी के साथ सदन में आएं। जिससे सदस्यों को उनके उत्तर मिल सकें। इस मौके पर विकास अधिकारी काजल शर्मा, बीसीएमओ डॉ लखन सिंह, सीबीईओ लखनपाल सिंह सिंह, कृषि अधिकारी हेतराम शर्मा, रूदावल तहसीलदार, सरपंच राजकुमार, चंद्रशेखर, राकेश भातरा, ओमप्रकाश, तरुण बंसल, जनकराज, अरविंद सिंह, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

## डाईट परिसर में किया पौधारोपण

**करौली,** (निसं)। डाइट प्राचार्य महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि श्री राधा मदन मोहन निशुल्क भोजन शाला के तत्वाधान में हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत डाईट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न किस्म के 11 पौधे लगाए गए जिसमे बट वृक्ष के तीन पीपल के दो आवले का एक करील का एक शहतूत का एक बिल्व पत्र का एक नीम का एक एवं अशोक का एक पेड़ लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पौधे में ट्री गार्ड लगाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इंद्रेश तिवारी,डाइट प्राचार्य महेश बाबू गुप्ता डाइट के उपप्रधानाचार्य गिरीश कुमार गुप्ता,वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. चंद्रेश गोयल, व्याख्याता आशीष कांत कौशिक, निशुल्क भोजन शाला के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, भामाशाह एवं समस्त डाइट स्टाफ, छात्र,छात्राएं उपस्थित रहा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है इसे बिना किसी औपचारिकता के साथ हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं संवर्धन का ध्यान रखते हुए जिम्मेदारी के साथ करना है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इंद्रेश तिवारी ने इस कार्य को प्रशंसनीय बताया एवं शिक्षा विभाग की मदद के रूप में सहयोग बताया ।प्राचार्य डाइट महेश बाबू गुप्ता ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है जो हमें स्वस्थ रखते हैं।

## सार-समाचार

### मध्यस्थता कानून पर सेमिनार

**हिण्डौन सिटी।** शहर के अग्रसेन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज और रत्नी देवी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में मध्यस्थता कानून पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंडौन मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थ अधिवक्ता महेश गोयल ने मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।महेश गोयल ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन मामलों को पक्षकारों के अनुरोध पर या न्यायालय के विवेकानुसार राजीनामा योग्य मामलों को मध्यस्थता केंद्र भेजा जा सकता है। मध्यस्थता केंद्र में प्रशिक्षित मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कर समझौता कराने का प्रयास करते हैं। वे पक्षकारों को समझौते के लिए नए विकल्प सुझाते हैं। यदि पक्षकार समझौते के लिए सहमत होते हैं, तो मध्यस्थ समझौते को लिखित रूप में तैयार कर पक्षकारों के हस्ताक्षर के साथ संबंधित न्यायालय को भेज देता है। इस समझौते के आधार पर न्यायालय मामले का फैसला करता है, जिसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती।उन्होंने आगे बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया में पक्षकारों की सहायता के लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षित मध्यस्थ उपलब्ध कराया जाता है, जिसकी फीस सरकार वहन करती है। मध्यस्थता केंद्र में सिविल वाद, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता मामले, चेक अनादरण, राजस्व मामले और अन्य राजीनामा योग्य मामले भेजे जा सकते हैं।सेमिनार में अग्रसेन टी.टी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल, सचिव महेश चंद गुप्ता, रत्नी देवी टी.टी. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. बृजलता कुमारी, निदेशक घनश्याम चतुर्वेदी, आचार्य योगेश जोशी, संजय शर्मा, कपिल शर्मा, रेखा शर्मा, डॉ. मनोज जैन, डॉ. ताराचंद शर्मा, डॉ. तपन व्यास, धर्मेंद्र, आशुतोष, नवीन और हरीश उपस्थित रहे।

### जागरूकता रैली निकाली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। विश्व युवा कौशल दिवस पर मंगलवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कौशल विकास मंत्रालय राजस्थान सरकार की आरएस एलडीसी के मार्गदर्शन में बिना सॉफ्ट एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी ने इस रैली का आयोजन किया। संस्था के संस्थापक आसिफ खान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का मार्ग जयपुर रोड बायपास से शुरू हुआ। यह ईदगाह मोड, ट्रक यूनियन और फव्वारा चौक से होते हुए पंचायत समिति मार्ग से गुजरी। अंत में यह हायर सेकेंडरी मैदान पर समाप्त हुई। रैली के दौरान बच्चों ने उत्साह से नारे लगाए। कौशल बनो, योग्य बनो और कुशल बने देश अपना, यही है हम सब का सपना जैसे नारों से पूरा वातावरण जागरूकता से भर दिया। संस्था के स्किल सेंटर में लोगों को नई तकनीकें और कौशल सिखाए जा रहे हैं। आसिफ खान ने बताया कि इससे लोग सरकारी योजनाओं का बेहतर लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को कुशल बनाना संस्था का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में रैली के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रंगोली, खेल, आर्ट और चित्रकला शामिल थे। इस अवसर पर संस्था के स्टाफ सदस्य नौशाद खान, देवी सिंह गुर्जर, इमरान खान, साकिर हुसैन और राहुल जागा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सभापति ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत चूलीगेट मोक्षधाम के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को सभापति शिवरतन अग्रवाल ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अभियंता तरुण जैन और कनिष्ठ अभियंता सुरेश चंद शर्मा भी मौजूद रहे। सभापति ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही काम निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। 22 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस शौचालय से राहगीरों और आसपास के लोगों को सुविधा मिलेगी। सभापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। शहर के अन्य स्थानों पर भी जगह चिह्नित कर सामुदायिक शौचालय बनाए जाएंगे।

### आदित्य भारद्वाज बने जिलाध्यक्ष

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के मुख्य संरक्षक डॉ.अनंत शर्मा के आदेश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष योगेश पालीवाल की अनुशंसा पर उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रमुख समाजसेवी, व्यवसायी आदित्य भारद्वाज को सवाईमाधोपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि समाजसेवी आदित्य भारद्वाज विगत 1० वर्षों से सवाईमाधोपुर ग्रामीण उपभोक्ता संस्थान के अध्यक्ष एवं देश के सबसे बडे उपभोक्ता संगठन सीसीआई के राष्ट्र ीय महासचिव मुकेश कुमार वैष्णव के साथ उपभोक्ता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक उपभोक्ताओं को जागरूक करने में सक्रिय रहे हैं, समाजसेवी, आदित्य भारद्वाज के सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ शिक्षाविद व उपभोक्ता आंदोलन से जुडे हुए बच्चू लाल गर्ग, परेश पालीवाल, जितेंद्र जैमिनी, सुरेश शर्मा, हरफूल बैरवा, गोविंद नारायण शर्मा, रामेश्वर गुर्जर, रामसिंह मीणा सहित स्थानीय उपभोक्ता संगठनों ने प्रसन्नता करते हुए कहा कि भारद्वाज के जिला अध्यक्ष बनने से गंगापुर सिटी सहित उपभोक्ता आंदोलन में और गति आएगी एवं ग्रामीण क्षेत्र तक उपभोक्ताओं को कानून एवं अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। भारद्वाज ने कहा कि शीघ्र ही उपभोक्ता महासंघ का प्रांतीय एवं संभागीय सम्मेलन गंगापुर सिटी में आयोजित किया जाएग।

### विद्यालय का निरीक्षण किया

**भरतपुर,** (निसं)। संयुक्त निदेशक दलबीर सिंह एवं एडीपीसी समसा अनित कुमार शर्मा द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर का निरीक्षण किया संयुक्त निदेशक द्वारा कक्षा दसवीं में विज्ञान विषय का अध्यापन भी कराया उन्होंने बताया की समस्त विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए

# ‘किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएं खाद’



भरतपुर में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने थोक व खुदरा विक्रेताओं की बैठक ली।

**भरतपुर,** (निसं)।कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेशचन्द गुप्ता ने जिला स्तरीय थोक व खुदरा खाद विक्रेताओं की अलग-अलग बैठक ली और यूरिया व डीएपी खाद किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने,खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने,खाद के साथ अन्य प्रकार का कोई सामान क्रय को वाध्य नही करना,पोस मशीन व आधार कार्ड से खाद विक्रय करना आदि निर्देश दिए साथ ही थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के मध्य दरों को लेकर विवाद नही करने को पाबन्द किया।

उन्होने कहा कि सरकार और विभाग के नियमों की पालना करते हुए किसानों को खाद उपलब्ध कराए और खाद के कट्टे पर इन्द्राज दर पर ही किसानों को विक्रय करे,दर से अधिक राशि वसूलने पर विभागीय कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि कुछ थोक विक्रेता मनमानी कर खुदरा विक्रेताओं को खाद के अलावा अन्य सामान क्रय करने को वाध्य कर रहे है और कम्पनी की दर के अनुसार ही एक रेट पर सामान विक्रय करें।

उन्होने कहा कि विभाग की योजनाओं सहित खाद-बीज एवं कीटनाशक दवाओं के उपयोग व फसल लाभ आदि की जानकारी देने को किसानों से सम्पर्क करे और विभाग के साथ मिल कर गांव-गांव में गोष्ठी करे। इधर थोक विक्रेताओं ने बताया कि खुदरा विक्रेता केवल यूरिया और डीएपी खाद क्रय करने के उद्देश्य से असत्य आरोप लगाते है,जो फर्टीलाजर कम्पनी हमे खाद के अलावा अन्य सामान उपलब्ध कराती है,वह सामान खुदरा विक्रेताओं को दिया जाता है।

उन्होने कहा कि खाद आने पर सभी खुदरा विक्रेताओं को एक दृष्टि से खाद उपलब्ध कराया जाता है। खुदरा विक्रेताओ को भी हमारा साथ देना चाहिए,जिससे कारोबार में बढोत्तरी हो सके और किसानों को खाद आसानी से मिल सके। बैठक में जिला खाद बीज विक्रेता संघ भरतपुर-डीग के अध्यक्ष रूपसिंह परमार, कोषाध्यक्ष खैमचन्द गोयल, महेशचन्द गर्ग, रमनलाल अग्रवाल, जीतू पण्डित सहित उच्चौन, वैर, भुसावर, हलैना, नदबई, रूपवास, रूदावल, भरतपुर शहर-ग्रामीण,सेवर आदि स्थान के खाद विक्रेता उपस्थित रहे।

## कार्यकारिणी घोषित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सवाई माधोपुर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देश अनुसार जिला कार्यकारिणी में 25 महिला, 12 एसटी, 8 एससी, 24 ओबीसी तथा 44 सामान्य वर्ग को सम्मिलित करते हुए सभी को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। कार्यकारिणी में अनुभव के साथ नए पुराने सभी का समायोजन किया है। इसी के साथ 15 स्थाई आमंत्रित सदस्यों में डॉ .किरोडी लाल मीणा, जितेंद्र गोठवाल, जसकौर मीणा, सुखबीर सिंह जौनपुरिया सहित पूर्व जिला अध्यक्षों को स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी में दीपक सिंहल पूर्व उपसभापति, सत्यनारायण धाकड, हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर सहित आठ जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिला मंत्री पद पर रामहरि जाट, सरिता बंसल, ज्योति दीक्षित, प्रेम देवी मीणा सहित 7 को नियुक्त दी गई है। दीनदयाल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद पर यथावत रखते हुए विनोद अग्रवाल को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला प्रवक्ता पद पर सुरेंद्र शर्मा को यथावत रखते हुए उनके साथ वीरेंद्र चेची, गीता सैनी सहित 4 प्रवक्ता बनाए गए है। पार्टी ने मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी के महत्व को देखते हुए नितेश मोदी, सारांश जैन, मेहनाज पटेल, सतीश शर्मा, दिनेश सोनी, धनेश शर्मा जैसे कार्यकर्ताओं की टीम बनाई है। पार्टी ने पहली बार जिला संगठन के साथ मोर्चा एवं प्रकोष्ठों को मजबूत करने की दृष्टि से मोर्चो संयोजक जमनालाल वैष्णव एवं प्रकोष्ठ संयोजक पद पर बलवीर सिंह राजावत की नियुक्ति की है। कार्यकारिणी में संतोष मथुरिया, लोकेंद्र शर्मा, दीपक मीणा, पृथ्वीराज मीणा, मानवेंद्र सिंह, नरसी मीणा, केदार लाल मीणा, सीताराम पोसवाल सहित 91 कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी घोषित की है।

# जिला परिषद सदस्यों ने समस्या समाधान नहीं होने पर जताई नाराजगी

**करौली,** (निसं)। करौली और सपोटरा के भाजपा विधायको ने जिले मे बढते भ्रष्टाचार पर जमकर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिला मुख्यालय पर बैठे निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी सरकार कि छवी को धूमिल कर मजे उडा रहे है। यह बात जिला परिषद करौली की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख श्रीमती शिमला बैरवा की अध्यक्षता में मंगलवार को भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित हुई बठक मे करौली विधायक दर्न सिंह गुर्जर और सपोटरा विधायक हंसराज बालौती ने खुले शब्दों में कई।

इसी मौके पर करौली विधायक ने हिण्डौन के दो निजी अस्पतालो मे भारी अनिमित्ताओ पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि दोनो अस्पतालो कि जॉच कराकर कार्यवाही कि जाये। वही सपोटरा विधायक ने पंचायत समिति,साख्यिकी विभाग के एक कर्मचारी के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र नही बनाने पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारी को शीघ्र निलम्बित करने के लिए कहा गया। बैठक में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज मीणा सहित जिला परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक कार्यवाही विवरण के बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण, वर्षा के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति, विद्युत समस्या, सडक निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति, स्वास्थ्य एवं मौसमी बीमारियों,शिक्षा से संबंधित गतिविधियों,विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों, नीतियों आदि के क्रियान्वयन, पंचायती राज विभाग,कृषि एवं पशुपालन विभाग,समाज कल्याण





साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख शिमला बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों की विभागीय योजना, गतिविधियों एवं कार्यकलापों की समीक्षा कर विभागवार विस्तृत चर्चा की गई। जिला प्रमुख ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, सडक, शिक्षा, कृषि सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित आमजन की समस्याओं को सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा साधारण सभा मे रखा गया। जिससे जिलेवासियों को इन समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाया जा सके। इस दौरान उन्होंने साधारण सभा की बैठक में जन प्रतिनिधियों के द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि वर्षा के कारण नदीयों में तीव्र प्रवाह के कारण जलस्तर के बढने से जहाँ कहीं भी ट्यूबवेल, मोटर एवं ट्रांसफार्मर जलमग्न हो रहे है या होने की संभावना है वहां विद्युत विभाग के साथ समन्वय बिठा कर संबंधित विद्युत उपकरणों की ऊँचाई बढाई जाये। जिससे जिले में कहीं भी पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं हो। और आमजन को पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या का सामना नही करना पडे। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग के द्वारा श्रमिक डायरी के लिए प्राप्त हुए आवेदनों में से लंबित एवं बडी संख्या में निरस्त किये गए आवेदनों की जाँच करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं राशन डीलरों द्वारा अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए डीएसओ को कहा।

सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने बैठक मे निचले स्तर के अधिकारियो पर भ्र'टाचार कर सरकार कि छवि को भूमिल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला मुख्यालय पर बैठकर अधिकारी कर्मचारी मजे उडा रहे है। उन्होंने शिक्षा से संबंधित इमारतों के निर्माण, रख-रखाव,मरम्मत के लिए विभिन्न मदों से खर्चों एवं आवश्यक स्वीकृति एवं प्रस्ताव की समीक्षा की और जरूरत पडने पर विधायक एवं सांसद कोष से आवश्यक बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

# श्री त्रिनेत्र गणेश मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश मंदिर में आगामी तीन दिवसीय भव्य मेला 26 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य मेला 27 अगस्त को रहेगा। इस संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मेले की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मंदिर ट्रस्ट एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी विभागों

■ तीन दिवसीय मेला 26 से 28 अगस्त तक

को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो एवं श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और वे गणेश दर्शन का सुखद अनुभव प्राप्त कर सकें।जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों की हाल की गतिविधियों को देखते हुए अवैध रास्तों को पूर्णत: बंद किया जाए, बेरिकेटिंग, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं ताकि श्रद्धालु सुरक्षित मार्ग से ही मंदिर पहुंचें। इस दौरान जोगी महल से प्रारंभ होने वाले मंदिर परिक्रमा मार्ग को बंद रखने



जिला कलक्टर की अध्यक्षता में मेले की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अतिरिक्त रोडवेज बसें संचालित की जाएंगी। हम्मीर सर्किल से गणेशधाम एवं जोगी महल तक की सडकें दुरुस्त की जाएंगी, तथा वर्षा जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

रेलवे स्टेशन से पार्किंग स्थल तक रोडवेज बसों में तय किराया दर्शाते बोर्ड लगाए जाएंगे। न्होंने रणथंभौर किला, गणेशधाम और जोगी महल मार्ग पर समुचित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, साइलेंट जनरेटर लगाने तथा करंट से सुरक्षा हेतु लोहे की बजाय लकडी के खंभे लगाने के निर्देश दिए।

भण्डारे नि:शुल्क लगाए जाएंगे लेकिन प्रत्येक भण्डारे के लिए अमानत राशि नियमानुसार पंचायत समिति, नगर परिषद अथवा नगर विकास न्यास में आवेदन कर जमा करानी होगी। शर्तों की पालना होने पर राशि लौटाई जाएगी। भण्डारों की संख्या सीमित रहेगी, और प्रत्येक पर सफाई व अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कर्मियों की व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। घरेलु गैस सिलेंडर, अमानक कप-प्लेट व पॉलीथिन पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध :- मेले को पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्लास्टिक के दोने, पत्तल, डिस्पोजल, चम्मच, पॉलिथीन सहित सभी सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक भण्डारे व श्रद्धालु स्थान पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखवाए जाएंगे। मेले के दौरान मंदिर परिसर, गणेशधाम व पार्किंग स्थलों पर अस्थायी शौचालय लगवाए जाएंगे।

खाद्य निरीक्षक व रसद विभाग की टीमें सडे-गले खाद्य पदार्थों पर नजर रखेंगी व सैंपलिंग भी की जाएगी। मेले के दौरान चार चिकित्सा टीमें व पाँच एम्बुलेंस 8-8 घंटे की पाली में गणेशधाम, किला एवं मंदिर परिसर में तैनात रहेंगी। दमकल वाहन भी मेले में मौजूद रहेंगे। सामान्य चिकित्सालय में इमरजेंसी के लिए बेड रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन से वीडियाग्राफी की जाएगी।

## प्रधान का स्वागत

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर स्थित पुष्प वाटिका कॉलोनी में रामनिवास बहनेरा के नेतृत्व में उनके निवास पर सेवर प्रधान दीपा सिंह और प्रधान प्रतिनिधि राजू ठेकेदार का सार्वजनिक सम्मान समरोह जगदीश लवानिया की अध्यक्षता एवं मुख्य अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, विशिष्ट अतिथि अशोक बोहरे, पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र जघीना, विहिप जिलाध्यक्ष लाखन सिंह, पहलवान गिर्राज सिंह के आथित्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलोनी वासियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहास में पहली बार धनबल बाहुबल को नकारकर एक जमीनी किसान के बेटे को प्रधान जैसे अहम पद पर नियुक्त कर जनभावना अनुरूप कार्य किया है। इस पुनीत कार्य के लिए जनमानस उनकी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहा है। प्रधान प्रतिनिधि राजू ठेकेदार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका वह पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे और सरकार की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन कर उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे।पुष्प वाटिका महिला मंडल ने मीना फौजदार के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का शाल उढाकर सम्मान किया । शिवानी दायमा ने अपने संबोधन में सरकार में पूर्ण आस्था जताते हुए उनकी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल का सपना है कि भरतपुर का चहुंमुखी विकास कर उसे राष्ट्रीय पटल पर लाया जाए।

# चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने सलारपुर गांव में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 29 जून को सलारपुर में पवन कुमार शर्मा के घर से जेवर और रुपए चोरी हुए थे। चोरों ने एक जोडी पायजेब, सोने के कुंडल और 25 हजार रुपए चुराए थे। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने उदेई कला के जीतराम सैनी (33), हेमराज सैनी (28) और सलारपुर के रामकेश माली (29) को पकडा। पूछताछ में आरोपियों ने कई अन्य वारदातों को भी कबूला। इनमें गुप्ता नर्सिंग होम से बिजली के तार, चुंगी के पास दुकान से सामान और जयपुर बायपास पर कबाड की दुकान से टायर-ट्यूब की चोरी शामिल है।


## कार्यालय देवनारायण राजकीय आवासीय विद्यालय गुडला, जिला-करौली ( राज. )

क्रमांक: 1137 दिनांक: 14.07.2025

### विज्ञप्ति

श्रीमान निदेशक महोदय सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग जयपुर के आदेशक्रमांक एफ 1(i)(0/1965) स्था/राईस/गैस्ट फेक्ल्टी/2022 दिनांक 09.06.2025 की अनुपालना में वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प 6(2) वित्त/साविलेन/2021 दिनांक 30.03.2021 के आधार पर देवनारायण रा. बालक आवासीय विद्यालय गुड़ला (करौली) में अध्ययन व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए विद्या संबल योजना के अन्तर्गत रिक्त पदों पर संबेधित सेवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों का परिपत्र में वर्णित दरो पर बजट उपलब्ध की शर्त के अधिन गैस्ट फेकल्टी के लिए दिनांक 19.07.2025 तक कार्यालय समय में आवेदन आमंत्रित किए जाते है। चयन प्रक्रिया में चयन समिति का निर्णय अन्तिम एंव सर्वमान्य होगा।

| क्र.स. | पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | विषय अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयोगशाला सहायक | 02 | (12th pass with physies, chemistry, Biology) |

आवेदन पत्र, शपथ पत्र एंव शर्तें की जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
रिक्त पदो की वृद्धि एंव कमी का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।
नियमानुसार सभी को 31 मार्च, 2026 तक कार्यामुक्त कर दिया जायेगा।

धर्मसिंह मीना
प्रधानाचार्य
देवनारायण राज. बालक आवासीय वि.
गुडला ( करौली ) DDO Code- 36893